भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-3609

जिसका उत्तर 03 अप्रैल, 2017 को दिया जाना है ।

प्रति व्यक्ति बिजली की खपत

3609. डॉ. के. वी. पी. रामचन्द्र रावः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत में प्रति व्यक्ति बिजली की खपत अन्य देशों की तुलना में अत्यंत कम है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ऊर्जा के हाइड्रोकार्बन स्रोतों की बजाय वैकल्पिक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करने के लिए लोगों को प्रेरित करने की योजना बना रही है?

उत्तर

विद्युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं खान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) : जी, नहीं।

(ख) : उपर्युक्त (क) के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न नहीं उठता।

(ग) : जी, हां। भारत सरकार ने 2022 तक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 175 गीगावाट क्षमता प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित किया है। भारत ने आईएनडीसी (इन्टेंडेड नेशनली डिटर्माइन्ड कन्ट्रीब्यूशन) में प्रतिबद्धता भी की है कि 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता कुल संस्थापित क्षमता का 40% होगी। सरकार राजस्व एवं वित्तीय प्रोत्साहनों के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की सहायता करती है।

****